# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

# सी ई एन आर पी एफ - ०१/२०२४ - CEN RPF - 01/2024

| | |
|---|---|
| Community | EWS |
| Test Center Name | iON Digital Zone iDZ 1 Bhauti |
| Test Date | 13/12/2024 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | Recruitment of Sub Inspector Executive in Railway Protection Force and Railway Protection Special Force |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Arithmetic**

**Q.1** यदि $y^3 - 1$ का व्युत्क्रमानुपाती x है तथा y = 3 रखने पर x का मान 8 होता है, तो y = 6 रखने पर x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ 1. $\frac{210}{215}$

✗ 2. $\frac{208}{216}$

✗ 3. $\frac{209}{216}$

✓ 4. $\frac{208}{215}$

**Q.2** उत्सवी ने वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित, 15% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज पर ₹2000 की धनराशि का निवेश किया। यदि उसे n वर्षों के बाद ₹2645 की धनराशि प्राप्त हुई हो, तो n का मान ज्ञात करें।

**Ans**

✗ 1. 2.5

✗ 2. 3

✗ 3. 1.6

✓ 4. 2

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.3 निम्नलिखित में से कौन सा भिन्न सबसे बड़ा है?

$\frac{5}{9}, \frac{6}{21}, \frac{15}{73}, \frac{18}{82}$

Ans

✗ 1. $\frac{6}{21}$

✗ 2. $\frac{15}{73}$

✗ 3. $\frac{18}{82}$

✓ 4. $\frac{5}{9}$

Q.4 निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$[\{(-0.4)+(4.6)^2+(2.3)^2\}\div 5]\times 100$

Ans

✗ 1. 517

✗ 2. 571

✗ 3. 512

✓ 4. 521

Q.5 आठ संख्याओं का औसत 20 है। इनमें से पांच संख्याओं का औसत 13 है। शेष तीन संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ 1. 30.67

✗ 2. 33.67

✗ 3. 32.67

✓ 4. 31.67

Q.6 तृप्ति और सुहानी एक व्यवसाय में 2 : 6 के अनुपात में निवेश करती हैं। यदि कुल लाभ ₹2480 है, तो तृप्ति और सुहानी को प्राप्त लाभों (₹ में) में कितना अंतर है?

Ans

✗ 1. 1340

✗ 2. 1190

✓ 3. 1240

✗ 4. 1390

Q.7 किसी वस्तु को इसके मूल विक्रय मूल्य के $\frac{4}{10}$ पर बेचने पर निर्भय को 17% की हानि होती है। यदि वह इसे मूल विक्रय मूल्य के 88% पर बेचता है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ 1. 81.3%

✓ 2. 82.6%

✗ 3. 84.4%

✗ 4. 83.4%

Q.8 ₹1420 प्रति सैकड़े की दर से 400 अमरूद खरीदे गए और ₹820 के लाभ पर बेचे गए। प्रति दर्जन अमरूदों का विक्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात करें।

Ans

✗ 1. 205

✗ 2. 185

✗ 3. 210


✓ 4. 195

Q.9 एक ठोस गोले के पृष्ठ को रंगने के लिए चार लीटर पेंट की आवश्यकता है। यदि इस ठोस गोले के 4 समरूप टुकड़े बनाए जाते हैं, तो इन 4 टुकड़ों के सभी पृष्ठों को रंगने के लिए कितने लीटर पेंट की आवश्यकता होगी?

Ans
1. 6
2. 8
3. 7
4. 10

Q.10 दिए गए ग्राफ का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।

दिए गए पाई चार्ट में हैदराबाद जिमखाना क्लब के विभिन्न आयु वर्ग के सदस्यों की संख्या को दर्शाया गया है।




यदि 18-30 आयु वर्ग के कुल सदस्यों में से 24% सदस्य, 21 वर्ष या उससे कम आयु के हैं, तो 18-21 आयु वर्ग के सदस्यों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 2250
2. 2300
3. 2100
4. 1980

Q.11 एक अर्धगोलाकार कटोरे का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 1232 $cm^2$ है। कटोरे का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए और दशमलव के 2 स्थानों तक)

Ans
1. 5749.33
2. 5049.22
3. 4049.11
4. 5540.33

Q.12 वर्ष के प्रथम तीन महीनों में ललित की प्रति माह औसत आय ₹37096 थी। अप्रैल में उसकी आय प्रथम तीन महीनों की औसत आय से 50% अधिक थी। यदि पूरे वर्ष के लिए उसकी प्रति माह औसत आय ₹87305 है, तो मई से दिसंबर तक ललित की प्रति माह औसत आय (₹ में) कितनी होगी?

Ans
1. 110094
2. 110091
3. 110095
4. 110089

Q.13 54 km/h की चाल से चल रही 953 m लंबी रेलगाड़ी को 532 m लंबी सुरंग पार करने में कितना समय (सेकंड में) लगेगा?

Ans
1. 96
2. 99
3. 106
4. 107

Q.14 यदि एक घन का आयतन 29791 $m^3$ है, तो घन का सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ($m^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 5766
✘ 2. 5733
✘ 3. 5784
✘ 4. 5794

Q.15 वह एक अंक की सबसे छोटी संख्या बताइए, जिसे 6 अंकों की संख्या 459039 में जोड़ने पर संख्या 11 से पूर्णतः विभाज्य हो जाए।

Ans
✔ 1. 2
✘ 2. 6
✘ 3. 5
✘ 4. 3

Q.16 दिया गया है कि $69^{0.07} = x$, $69^{0.67} = y$ और $x^z = y^7$ है, तो z का निकटतम मान कितना है?

Ans
✘ 1. 69.08
✔ 2. 67
✘ 3. 66.87
✘ 4. 67.51

Q.17 $\frac{(a^5 \times b^5 \times c^8)}{(a^8 \times b^5 \times c^1)}$ का सरलतम रूप ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. $(a^{-3}) \times (b^0) \times (c^7)$
✘ 2. $(a^{-6}) \times (b^{-6}) \times (c^{-6})$
✘ 3. $(a^3) \times (b^{-1}) \times (c^{-9})$
✘ 4. $(a^{-10}) \times (b^{-2}) \times (c^0)$

Q.18 निम्नलिखित को साधारण भिन्न में व्यक्त करें।
$0.00\overline{1} + 0.\overline{01} + 0.\overline{1}$

Ans
✔ 1. $\frac{1211}{9900}$
✘ 2. $\frac{1211}{9990}$
✘ 3. $\frac{1212}{9900}$
✘ 4. $\frac{1211}{9999}$

Q.19 सेल के दौरान, राघव ने ₹12 अंकित मूल्य की एक नोटबुक को 25% छूट पर और ₹75 अंकित मूल्य की एक पेन को 20% की छूट पर खरीदा। सेल के कारण उसने कितनी बचत (₹ में) की?

Ans
✔ 1. 18
✘ 2. 19
✘ 3. 17
✘ 4. 20

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.20 सबसे छोटी और सबसे बड़ी भिन्न के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

$\frac{4}{9}, \frac{3}{7}, \frac{31}{37}, \frac{12}{20}$

Ans

✗ 1. $\frac{106}{255}$

✓ 2. $\frac{106}{259}$

✗ 3. $\frac{106}{258}$

✗ 4. $\frac{106}{261}$

Q.21 $76^{-15} \div 76^{4} \times 76^{-5}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ 1. $76^{-20}$

✗ 2. $76^{-22}$

✓ 3. $76^{-24}$

✗ 4. $76^{-31}$

Q.22 यदि तीन क्रमागत सम संख्याओं का औसत 42 है, तो इनमें से सबसे छोटी और सबसे बड़ी संख्या का योग ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ 1. 82

✗ 2. 40

✓ 3. 84

✗ 4. 86

Q.23 सूरज, नाव से 598 km की दूरी धारा की विपरीत दिशा में 39 घंटे में तय करता है और धारा की दिशा में 12 घंटे में तय करता है, तो धारा की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ 1. 15.63 km/h

✗ 2. 10.58 km/h

✓ 3. 17.25 km/h

✗ 4. 16.23 km/h

Q.24 7 संख्याओं का औसत 43 है। यदि प्रत्येक संख्या में से 3 घटाया जाए, तो नया औसत कितना होगा?

Ans

✗ 1. 7

✗ 2. 37

✗ 3. 43

✓ 4. 40

Q.25 49 × 51 × 54 × 37 × 123 को 24 से विभाजित करने पर प्राप्त शेषफल ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ 1. 6

✗ 2. 8

✗ 3. 4

✗ 4. 10

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.26 एक मूलधन, जब प्रति वर्ष 20% साधारण ब्याज पर निवेश किया जाता है, तो 3 वर्षों के बाद उसका मिश्रधन ₹2400 हो जाता है। 1 वर्ष में समान दर पर समान मूलधन पर साधारण ब्याज (₹ में) कितना है?

Ans
✔ 1. 300
✘ 2. 150
✘ 3. 600
✘ 4. 1200

Q.27 तीन साझेदारों ने एक व्यवसाय में 8 : 4 : 6 के अनुपात में निवेश किया। उन्होंने अपनी पूंजी क्रमशः 10 महीने, 4 महीने और 12 महीने के लिए निवेश की। उनके लाभ का अनुपात कितना था?

Ans
✘ 1. 12:2:9
✘ 2. 11:2:9
✔ 3. 10:2:9
✘ 4. 8:2:9

Q.28 एक 976 m लंबी रेलगाड़ी, विपरीत दिशा में 3.5 km/h की चाल से चल रहे एक व्यक्ति को 18 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की चाल (km/h में) कितनी है?

Ans
✔ 1. 191.6
✘ 2. 189.9
✘ 3. 192.6
✘ 4. 188.7

Q.29 वर्ष के प्रथम तीन महीनों में मानव की प्रति माह औसत आय ₹41944 थी। अप्रैल में उसकी आय, प्रथम तीन महीनों की औसत आय से 50% अधिक थी। यदि पूरे वर्ष के लिए उसकी प्रति माह औसत आय ₹63849 है, तो मई से दिसंबर तक मानव की प्रति माह औसत आय (₹ में) कितनी होगी?

Ans
✔ 1. 72180
✘ 2. 72179
✘ 3. 72182
✘ 4. 72175

Q.30 एक व्यक्ति एक व्यूपॉइंट तक पैदल जाता है और अपनी कार से अपरिवर्ती चाल बनाए रखते हुए लौटता है और इस प्रकार उसे कुल 6 घंटे 15 मिनट का समय लगता है। दोनों तरफ कार से यात्रा करने में उसे 2 घंटे कम लगते। दोनों ओर समान चाल से पैदल यात्रा करने में उसे कुल कितना समय लगता?

Ans
✔ 1. 8 घंटे 15 मिनट
✘ 2. 7 घंटे 15 मिनट
✘ 3. 8 घंटे 45 मिनट
✘ 4. 9 घंटे 30 मिनट

Q.31 एक दुकानदार किसी वस्तु को उसके अंकित मूल्य पर 90% और 75% की दो क्रमिक छूट देकर ₹855.4 में बेचता है। यदि उसके द्वारा कोई छूट नहीं दी गई होती, तो वह 40% का लाभ अर्जित करता। वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 24427
✘ 2. 24400
✔ 3. 24440
✘ 4. 24471

Q.32 एक गाँव की जनसंख्या 130000 थी। पहले वर्ष में इसमें 15% की वृद्धि हुई और दूसरे वर्ष में 20% की वृद्धि हुई। दो वर्ष बाद इसकी जनसंख्या _______ है।

Ans
✘ 1. 156000
✔ 2. 179400
✘ 3. 149500
✘ 4. 175500

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.33 यदि किसी संख्या के 25% को 66 में जोड़ा जाता है, तो परिणामस्वरूप समान संख्या प्राप्त होती है। उस समान संख्या का 80% ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 70.4 ✔
2. 100.4 ✘
3. 40.4 ✘
4. 90.4 ✘

Q.34 सबसे छोटी और सबसे बड़ी भिन्न के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

$\frac{6}{7}, \frac{4}{8}, \frac{32}{39}, \frac{25}{27}$

Ans
1. $\frac{23}{55}$ ✘
2. $\frac{23}{56}$ ✘
3. $\frac{23}{54}$ ✔
4. $\frac{23}{58}$ ✘

Q.35 अनुष्का ने वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित, 5% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज पर ₹6400 की धनराशि का निवेश किया। यदि उसे n वर्षों के बाद ₹7056 की धनराशि प्राप्त हुई हो, तो n का मान ज्ञात करें।

Ans
1. 3 ✘
2. 2.40000009536743 ✘
3. 2 ✔
4. 1.20000004768372 ✘

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.36 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

Ans
1. OJ : MH ✘
2. GB : EZ ✘
3. TO : RM ✘
4. AU : YT ✔

Q.37 एक निश्चित कूट भाषा में, 'APES' को '6819' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'PAGE' को '6928' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'G' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 6 ✘
2. 9 ✘
3. 8 ✘
4. 2 ✔

Q.38 संख्या 7381465 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित करके निर्मित नई संख्या में, मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
1. दो ✘
2. एक भी नहीं ✘
3. एक ✔
4. तीन ✘

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.39 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पांच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 564 245 782 432 861 (दाएं)

(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी चाहिए।)

यदि सभी संख्याओं को अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितनी संख्याओं की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
✔ 1. 1
✘ 2. 2
✘ 3. 4
✘ 4. 3

Q.40 यदि संख्या 864172 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में पहले अंक और अंतिम अंक के बीच का अंतर कितना होगा?

Ans
✘ 1. 4
✔ 2. 6
✘ 3. 5
✘ 4. 7

Q.41 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा एक अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ 1. KJH
✔ 2. GGD
✘ 3. HGE
✘ 4. MLJ

Q.42 डेफ़ बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 16 km तक ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 7 km तक ड्राइव करता है, दाईं ओर मुड़ता है और 11 km तक ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 21 km तक ड्राइव करता है, दाईं ओर मुड़ता है और 10 km तक ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 32 km तक ड्राइव करता है। वह अंत में दाईं ओर मुड़ता है, 5 km तक ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° मोड़ हैं।)

Ans
✘ 1. 2 km पश्चिम की ओर
✔ 2. 4 km पूर्व की ओर
✘ 3. 8 km दक्षिण की ओर
✘ 4. 6 km उत्तर की ओर

Q.43 A, B, C, D, E और F एक ही भवन के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। भवन में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है।
D एक अभाज्य क्रमांक वाले तल पर रहता है। जिन तलों पर D और A रहते हैं, उन तलों के क्रमांकों का गुणनफल 8 है। E, B के तल के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है। जिन तलों पर A और C रहते हैं, उन तलों के क्रमांकों का योगफल 7 है। D और E के तलों के बीच के तलों पर कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
✘ 1. 2
✔ 2. 4
✘ 3. 1
✘ 4. 3

Q.44 सात डिब्बों U, V, W, X, P, Q और R को एक के ऊपर एक रखा गया है, लेकिन जरूरी नहीं कि ये डिब्बे इसी क्रम में हों। डिब्बा X के नीचे केवल दो डिब्बों को रखा गया है। डिब्बा Q के ऊपर केवल एक डिब्बे को रखा गया है। डिब्बों Q और U के बीच केवल एक डिब्बे को रखा गया है। डिब्बा V को डिब्बा P के ठीक ऊपर रखा गया है। डिब्बा R को डिब्बा W के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है।
डिब्बों W और V के बीच कितने डिब्बों को रखा गया है?

Ans
✔ 1. चार
✘ 2. दो
✘ 3. तीन
✘ 4. एक

Q.45 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर, VPMG, किसी प्रकार NHEY से संबंधित है। PJGA, ठीक उसी प्रकार, HBYS से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, RLIC, निम्नलिखित में से किस विकल्प से संबंधित है?

Ans
✘ 1. JDUA
✘ 2. JADU
✘ 3. JAUD
✔ 4. JDAU

Q.46 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 10, 35 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 7, 20 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 25 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✘ 1. 140
✔ 2. 110
✘ 3. 120
✘ 4. 100

Q.47 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'time flies fast' को 'mk tu jb' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'fast or slow' को 'tb mk ab' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'fast' को किसमें कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✘ 1. tu
✘ 2. jb
✘ 3. ab
✔ 4. mk

Q.48 G, H की माता है। H, J की माता है। J, K का भाई है। K, L का पुत्र है। G का L से क्या संबंध है?

Ans
✔ 1. पत्नी की माता
✘ 2. पत्नी का भाई
✘ 3. पति की माता
✘ 4. पत्नी के पिता

Q.49 **यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पांच संख्याओं पर आधारित है**

**(बाएं) 538 745 317 153 276 (दाएं)**

**(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)**
**(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी चाहिए।)**

**यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणामी कितना होगा?**

Ans
✘ 1. 9
✔ 2. 10
✘ 3. 11
✘ 4. 8

Q.50 सात डिब्बों U, V, W, X, P, Q और R को एक के ऊपर एक रखा गया है, लेकिन जरूरी नहीं कि ये डिब्बे इसी क्रम में हों। डिब्बा V के नीचे केवल तीन डिब्बों को रखा गया है। डिब्बों V और U के बीच केवल दो डिब्बों को रखा गया है। डिब्बा X के ऊपर केवल डिब्बा P को रखा गया है। डिब्बा R को डिब्बा Q के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है और डिब्बा W के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है।
नीचे से दूसरे स्थान पर किस डिब्बे को रखा गया है?

Ans
1. V
2. W
3. U
4. R

Q.51 निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। वह अक्षर-समूह कौन-सा है, जो उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थानों पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. JSAE
2. UDLQ
3. HQYD
4. ENVA

Q.52 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी तरह, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी तरह आगे की संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से किसमें, संक्रियाओं का वही सेट है, जैसा नीचे दिए गए समुच्चयों में है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रिया जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रिया करना अनुमत नहीं है।)

8 - 10 - 20 - 22 ; 5 - 7 - 14 - 16

Ans
1. 13 - 15 - 30 - 32
2. 14 - 16 - 32 - 38
3. 9 - 11 - 22 - 26
4. 2 - 4 - 6 - 10

Q.53 तुषार बिंदु A से शुरू करता है और दक्षिण की ओर 11 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 8 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

Ans
1. 4 km, पश्चिम में
2. 3 km, पश्चिम में
3. 4 km, पूर्व में
4. 3 km, पूर्व में

Q.54 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'POST' को '8579' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'SEND' को '4351' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
उस भाषा में 'S' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 5
2. 3
3. 4
4. 7

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.55 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पांच संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 365 742 234 567 835 (दाएं)

(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी चाहिए।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के पहले अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम कितना होगा?

Ans
✔ 1. 5
✘ 2. 8
✘ 3. 11
✘ 4. 6


Q.56 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी पिन, शेर हैं।
कुछ शेर, चूहे हैं।
कुछ चूहे, मुर्गी हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ मुर्गी, पिन हैं।
(II) कुछ चूहे, पिन हैं।

Ans
✘ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✘ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✘ 3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✔ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.57 निम्नलिखित पाँच आकृतियों में से चार किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाती हैं। कौन-सी आकृति उस समूह से संबंधित नहीं है?




Ans
✘ 1. A
✔ 2. C
✘ 3. B
✘ 4. D


Q.58 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?
28 C 22 D 32 B 2 A 8 = ?

Ans
✘ 1. 44
✘ 2. 40
✘ 3. 43
✔ 4. 42


Q.59 S, D की पत्नी है। D, F का पिता है। F, G की माता है। G, H का भाई है। S का H से क्या संबंध है?


Ans
✘ 1. पिता की माता
✘ 2. माता की बहन
✘ 3. पिता की बहन
✔ 4. माता की माता


**Q.60** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने पर शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





**Ans**

✗ 1. 

✓ 2. 

✗ 3. 

✗ 4. 

**Q.61** दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगा।

HFD KIG NLJ QOM ?

**Ans**

✓ 1. TRP

✗ 2. STP

✗ 3. STQ

✗ 4. TSQ

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.62 जब दर्पण को नीचे दिखाए अनुसार MN पर रखा जाए, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।




Ans

❌ 1. 

❌ 2. 

✅ 3. 

❌ 4. 

Q.63 दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकती है।

3 23 ? 1143 8003

Ans

✅ 1. 163

❌ 2. 179

❌ 3. 174

❌ 4. 166

Prepp
Your Personal Exam Guide

Q.64 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A, E के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। B, F के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। D और B के बीच में केवल E बैठा है। C, A का निकटतम पड़ोसी नहीं है। F के बाईं ओर से गणना करने पर, D और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans

❌ 1. 2

❌ 2. 4

❌ 3. 1

✅ 4. 3

Q.65 छह व्यक्ति, जिनके नाम W, X, Y, Z, T और U हैं, प्रत्येक अलग-अलग आयु के हैं। X की आयु 40 है। T की आयु, Z की आयु की दोगुनी है। W की आयु, U की आयु की दोगुनी है। Z की आयु, W की आयु का पांचवां भाग (one-fifth) है। X की आयु, T की आयु की दोगुनी है। यदि U की आयु, Y की आयु की एक-तिहाई है, तो Y की आयु कितनी है?

Ans

✅ 1. 75

❌ 2. 52

❌ 3. 76

❌ 4. 85

Q.66 दिए गए विकल्पों में से उस पद का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगा।

QNF -3 OLI -6 ? KHO -12 IFR -15

Ans

❌ 1. MJL -10

❌ 2. MJL -8

❌ 3. MJL -11

✅ 4. MJL -9

Q.67 सात व्यक्ति, D, E, F, G, H, I और T, एक गोल मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। T के दाईं ओर से गिनने पर T और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F के दाईं ओर से गिनने पर H और F के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D, F के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। I, G के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। E के दाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
1. G
2. T
3. I
4. D

Q.68 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

SVG : OZC
KDY : GHU

Ans
1. ZWH : VBD
2. PCX : LHT
3. CLQ : YPM
4. HMP : DRL

Q.69 निम्नलिखित में से किन अक्षर-समूहों द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करने पर :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान होगा?

# : HLR :: VZF : %

Ans
1. # = EHN; % = ZDJ
2. # = DHN; % = IDJ
3. # = DHN; % = ZDI
4. # = DHN; % = ZDJ

Q.70 निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

(बाएं) R % C & E 2 K 4 # 5 S * 7 D Y @ 3 6 G & T (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी संख्याएँ हटा दी जाएँ, तो निम्नलिखित में से क्या दाएँ से छठा होगा?

Ans
1. *
2. S
3. D
4. Y

Section : **General Awareness**

Q.71 किस राज्य सरकार ने बेरोज़गार युवाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 'युवा निधि योजना' आरंभ की है?

Ans
1. मध्य प्रदेश
2. उत्तर प्रदेश
3. कर्नाटक
4. केरल

Q.72 कोच्चि में सेंट फ्रांसिस चर्च बिल्डिंग (St. Francis Church building) का निर्माण कब हुआ?

Ans
1. 1609
2. 1510
3. 1616
4. 1503

**Q.73** बांधों और उनसे संबंधित राज्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत है?

Ans
- ✗ 1. पोंग – हिमाचल प्रदेश
- ✗ 2. कर्जन – गुजरात
- ✗ 3. कोयना – महाराष्ट्र
- ✓ 4. इंदिरा सागर – राजस्थान

**Q.74** एक कोशिका को दूसरी कोशिका से जोड़ने वाले कोशिकाद्रव्यी तंतु, ________ कहलाते हैं।

Ans
- ✗ 1. अंतर्द्रव्यी जालिका (Endoplasmic Reticulum)
- ✓ 2. जीवद्रव्य तंतु (Plasmodesmata)
- ✗ 3. तारककेंद्र (Centriole)
- ✗ 4. तर्कु तंतु (Spindle Fibre)

**Q.75** अक्टूबर 2023 में, भारत ने 'संदर्भ' ईंधन का उत्पादन शुरू कर दिया, और चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो गया। संदर्भ ईंधन की ऑक्टेन संख्या (octane number) क्या है?

Ans
- ✗ 1. 67
- ✓ 2. 97
- ✗ 3. 77
- ✗ 4. 87

**Q.76** 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित चार भारतीय राज्यों में से किस राज्य की साक्षरता दर अन्य तीन राज्यों की तुलना में अधिक है?

Ans
- ✗ 1. हिमाचल प्रदेश
- ✗ 2. त्रिपुरा
- ✗ 3. मिजोरम
- ✓ 4. केरल

**Q.77** कौन-सा नियम कहता है कि यदि कोई वस्तु विरामावस्था में है या एक सीधी रेखा में नियत चाल से चल रही है, तो वह विरामावस्था ही रहेगी या एक सीधी रेखा में नियत चाल से चलती रहेगी जब तक कि उस पर कोई बल न लगाया जाए?

Ans
- ✓ 1. न्यूटन का पहला नियम
- ✗ 2. न्यूटन का तीसरा नियम
- ✗ 3. डाल्टन का नियम
- ✗ 4. न्यूटन का दूसरा नियम

**Q.78** मार्च 2024 में, निम्नलिखित में से किसने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (NCSC) के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया?

Ans
- ✓ 1. किशोर मकवाना
- ✗ 2. लामा लोबजंग
- ✗ 3. अंतर सिंह आर्य
- ✗ 4. कुँवर सिंह

**Q.79** वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, जो भारत में वन्यजीवों के संरक्षण एवं सुरक्षा के लिए मुख्य कानूनी ढांचा प्रदान करता है, किस वर्ष अधिनियमित (enacted) किया गया था?

Ans
- ✗ 1. 1974
- ✗ 2. 1986
- ✗ 3. 1981
- ✓ 4. 1972

**Q.80** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस तारीख को यूक्रेन का दौरा किया, जो 1992 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यूक्रेन की पहली यात्रा थी?

Ans
- ✓ 1. 23 अगस्त 2024
- ✗ 2. 13 अगस्त 2024
- ✗ 3. 30 अगस्त 2024
- ✗ 4. 03 अगस्त 2024

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.81 निम्नलिखित में से कौन-सा, वाणिज्यिक बैंकों का द्वितीयक कार्य है?

Ans
- ✗ 1. ऋण प्रदान करना (Advancing loans)
- ✗ 2. चालू खाता जमाएँ स्वीकार करना (Opening of current account deposits)
- ✗ 3. सावधि जमाएँ स्वीकार करना (Opening fixed deposits)
- ✓ 4. एजेंसी के कार्य करना (Performing agency functions)

Q.82 कांशीराम द्वारा बहुजन समाज पार्टी की स्थापना निम्नलिखित में से किस वर्ष की गई?

Ans
- ✗ 1. 1980
- ✗ 2. 1986
- ✓ 3. 1984
- ✗ 4. 1990

Q.83 वित्तीय समावेशन का मुख्य उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✗ 1. वित्तीय समावेशन के राष्ट्रीय मिशन के हिस्से के रूप में देश के प्रत्येक व्यक्ति को शामिल करना।
- ✗ 2. राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खोलने पर ध्यान केंद्रित करना।
- ✗ 3. देश की आबादी के लिए डिजिटल बैंकिंग सेवाओं का विस्तार करना।
- ✓ 4. देश की अब तक सेवा न पाने वाली बड़ी आबादी को उचित लागत पर वित्तीय सेवाएँ प्रदान करना।

Q.84 'परिसंकटमय कार्य में बालकों के नियोजन पर प्रतिषेध' (Prohibition of Employment of Children in Hazardous Jobs) का प्रावधान भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस मौलिक अधिकार में परिलक्षित होता है?

Ans
- ✗ 1. संवैधानिक उपचार का अधिकार
- ✓ 2. शोषण के विरुद्ध अधिकार
- ✗ 3. समानता का अधिकार
- ✗ 4. स्वतंत्रता का अधिकार

Q.85 निम्नलिखित में से कौन-सी नदी, गोदावरी नदी की सहायक नदी नहीं है?

Ans
- ✓ 1. कबिनी (Kabini)
- ✗ 2. पूर्णा (Purna)
- ✗ 3. मंजरा (Manjra)
- ✗ 4. प्रवरा (Pravara)

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.86 महानिदेशक राकेश पाल, एवीएसएम, पीटीएम, टीएम (AVSM, PTM, TM) भारतीय तटरक्षक बल के ________________ महानिदेशक हैं।

Ans
- ✗ 1. 20वें
- ✓ 2. 25वें
- ✗ 3. 27वें
- ✗ 4. 22वें

Q.87 भारत सरकार द्वारा विकसित राष्ट्रीय जलमार्ग 1 का निर्माण किस नदी तंत्र पर हुआ है?

Ans
- ✗ 1. कोट्टापुरमा-कोल्लम, उद्योगमंडल और चम्पकारा नहर
- ✗ 2. सदिया और धुबरी के बीच ब्रह्मपुत्र नदी
- ✗ 3. गोदावरी और कृष्णा नदियों के विस्तार
- ✓ 4. गंगा-भागीरथी-हुगली नदी तंत्र (हल्दिया से इलाहाबाद तक)

Q.88 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद राज्य सभा के संघटन से संबंधित है?

Ans
- ✗ 1. अनुच्छेद 95
- ✗ 2. अनुच्छेद 85
- ✗ 3. अनुच्छेद 90
- ✓ 4. अनुच्छेद 80

Q.89 सितंबर-अक्टूबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेली गई दो टेस्ट मैचों की क्रिकेट सीरीज में कौन-सा भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी प्लेयर ऑफ द सीरीज बना?

Ans
1. ऋषभ पंत
2. यशस्वी जायसवाल
3. रविचंद्रन अश्विन
4. जसप्रीत बुमराह

Q.90 भारत की समुद्रयान परियोजना का एक हिस्सा मत्स्य 6000 (MATSYA 6000) किस प्रकार की वस्तु/यंत्र है?

Ans
1. मानवयुक्त पनडुब्बी
2. तेल खनिज अन्वेषक
3. पानी के नीचे स्वायत्त वाहन
4. पनडुब्बी

Q.91 निम्नलिखित में से किसे आमतौर पर विटामिन B3 की गंभीर कमी के कारण होने वाली 'चार D's बीमारी' ('Four D's disease') के रूप में जाना जाता है?

Ans
1. घेंघा (Goitre)
2. हाइपोकैल्सीमिया (Hypocalcemia)
3. बेरी बेरी (Beri Beri)
4. पेलाग्रा (Pellagra)

Q.92 निम्नलिखित ऐतिहासिक संगीतकारों में से किसे कर्नाटक संगीत (Carnatic Music) में सरली वरीसा (Sarali Varisa) और सप्त ताल अलंकार (Sapta Tala Alankaras) को सूत्रबद्ध करने का श्रेय दिया जाता है?

Ans
1. त्यागराज (Thyagaraja)
2. मुथुस्वामी दीक्षितार (Purandara Dasa)
3. पुरंदर दास (Purandara Dasa)
4. अन्नमाचार्य (Purandara Dasa)

Q.93 निम्नलिखित में से कौन-सा देश नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 में शामिल नहीं है?

Ans
1. पाकिस्तान
2. बांग्लादेश
3. अफ़गानिस्तान
4. भूटान

Q.94 निम्नलिखित में से कौन-सा, कृषि क्षेत्र पर ग्रामीण अवसंरचना विकास का प्रत्यक्ष प्रभाव है?

Ans
1. बेहतर सिंचाई, भंडारण और परिवहन सुविधाओं के माध्यम से कृषि उत्पादकता में वृद्धि
2. उन्नत ग्रामीण अवसंरचना के कारण शहरी प्रवास में वृद्धि
3. संसाधनों के परिवर्तन के कारण कृषि उत्पादकता में कमी
4. ग्रामीण अवसंरचना विकास का कृषि पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ता

Q.95 भारत में मुहम्मद गौरी का वायसराय और सेना का समग्र कमांडर किसे माना जाता था?

Ans
1. ताज अल-दीन यिल्डिज़
2. कुतुबुद्दीन ऐबक
3. बख्तियार ख़िलजी
4. नसीरुद्दीन कुबाचा

Q.96 कृषि उपज का वह भाग, जो किसानों द्वारा बाज़ार में बेचा जाता है, ________ कहलाता है।

Ans
1. वेतन अधिशेष (wage surplus)
2. सकल अधिशेष (gross surplus)
3. उत्पाद अधिशेष (product surplus)
4. विपणन अधिशेष (marketed surplus)

Prepp Your Personal Exam Guide

**Q.97** निम्नलिखित में से किस वर्ष में 'ए ब्रश विद लाइफ: एन ऑटोबायोग्राफी (A Brush with Life: An Autobiography)' लिखी गई थी?

**Ans**
- ✔ 1. 1997
- ✘ 2. 2000
- ✘ 3. 1908
- ✘ 4. 1856

**Q.98** निम्नलिखित में से कौन शास्त्रीय हिंदुस्तानी संगीत में 'ख्याल' से संबंधित है?

**Ans**
- ✘ 1. जियाउद्दीन बरनी (Ziauddin Barani)
- ✘ 2. अबू अल हसन अल हुजवीरी (Abu'l Hasan al Hujwiri)
- ✔ 3. अमीर खुसरो (Amir Khusrau)
- ✘ 4. अमीर हसन सिज्जी (Amir Hasan Sijzi)

**Q.99** स्पोर्ट्स एंड गेम्स 2023 (Sports and Games 2023) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कितने खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार मिला?

**Ans**
- ✔ 1. 26
- ✘ 2. 31
- ✘ 3. 34
- ✘ 4. 21

**Q.100** अंतिम पल्लव शासक निम्नलिखित में से कौन था?

**Ans**
- ✘ 1. आदित्यवर्मन
- ✘ 2. नंदीवर्मन
- ✘ 3. नृपतुंग
- ✔ 4. अपराजितवर्मन

**Q.101** निम्नलिखित में से कौन-सा काल पुरापाषाण काल के बाद का है?

**Ans**
- ✔ 1. मध्यपाषाण
- ✘ 2. ताम्रपाषाण
- ✘ 3. नवपाषाण
- ✘ 4. लौह युग

**Q.102** मक्के की गुणसूत्र संख्या (2n) _____ है।

**Ans**
- ✘ 1. 10
- ✔ 2. 20
- ✘ 3. 15
- ✘ 4. 18

**Q.103** फरवरी 2024 में, भारत में सफलतापूर्वक परीक्षित हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट (HAPS) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

**Ans**
- ✔ 1. उड़ानें क्षोभमंडल (troposphere) में होती हैं।
- ✘ 2. इसे प्रक्षेपित करने के लिए रॉकेट की आवश्यकता नहीं होती है।
- ✘ 3. इसे सीएसआईआर नेशनल एयरोस्पेस लैबोरेटरीज (CSIR National Aerospace Laboratories) द्वारा विकसित किया गया था।
- ✘ 4. एचएपीएस (HAPS) पृथ्वी के अत्यंत निकट से संचालित होते हैं, जिसके परिणामस्वरूप विलंबता न्यूनतर हो जाती है।

**Q.104** निम्नलिखित में से कौन-सा, उपभोग फलन का सूत्र है?

**Ans**
- ✘ 1. $C = \bar{C} \times cYD$
- ✔ 2. $C = \bar{C} + cYD$
- ✘ 3. $C = \bar{C} - cYD$
- ✘ 4. $C = \bar{C} / cYD$

Prepp
Your Personal Exam Guide

Q.105 निम्नलिखित में से किसने जलियाँवाला बाग घटना के विरोध में मानद नाइटहुड (honourary knighthood) की उपाधि लौटा दी थी?

Ans
✔ 1. रवीन्द्रनाथ टैगोर
✘ 2. महात्मा गांधी
✘ 3. दादाभाई नौरोजी
✘ 4. जवाहरलाल नेहरू

Q.106 भारत की कर सुधार समिति (TRC), 1991 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

Ans
✘ 1. TRC ने माता-पिता की आय के साथ, नाबालिग की मजदूरी आय के अलावा आय का एग्रीगेशन का सुझाव दिया।
✔ 2. समिति ने कॉर्पोरेट टैक्स को चरणबद्ध तरीके से घटाकर 10% करने और कॉर्पोरेट टैक्स पर सरचार्ज जारी रखने का सुझाव दिया।
✘ 3. समिति ने बचत योजनाओं के लिए विभिन्न प्रोत्साहनों के अंतर्गत कर रियायतों, छूट और भत्तों को समाप्त करने की अनुशंसा की।
✘ 4. TRC ने मुद्रास्फीति के लिए उचित सूचकांक के बाद दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर एक मध्यम फ्लैट कर दर का सुझाव दिया।

Q.107 निम्नलिखित में से किसने इस बात पर जोर दिया और प्रचार किया कि 'वेदांत सभी का धर्म है, केवल हिंदुओं का नहीं'?

Ans
✘ 1. स्वामी दयानंद सरस्वती
✘ 2. महादेव गोविंद रानाडे
✘ 3. ईश्वर चंद्र विद्यासागर
✔ 4. स्वामी विवेकानन्द

Q.108 2011 की जनगणना के अनुसार, किस पूर्वोत्तर राज्य की साक्षरता दर सबसे अधिक है?

Ans
✘ 1. सिक्किम
✘ 2. मेघालय
✔ 3. मिज़ोरम
✘ 4. त्रिपुरा

Q.109 भारतीय राजनीतिक कार्यकर्ता और महिला अधिकारों के अधिवक्ता, ____________ ने जर्मनी के स्टटगार्ट में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी कांग्रेस (International Socialist Congress) में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का प्रथम संस्करण फहराया था।

Ans
✘ 1. सरोजिनी नायडू
✘ 2. एनी बेसेंट
✔ 3. भीकाजी कामा
✘ 4. सुचेता कृपलानी

Q.110 भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष निम्नलिखित में से कौन थे?

Ans
✘ 1. के एम मुंशी
✘ 2. गोपाल दास अम्बेदास देसाई
✘ 3. डॉ. बी आर अम्बेडकर
✔ 4. डॉ. राजेंद्र प्रसाद

Q.111 प्वासों का समीकरण (Poisson's equation), जिसका उपयोग अक्सर किसी पदार्थ के प्रत्यास्थ गुणों का वर्णन करने के लिए किया जाता है, किस ग्रीक अक्षर द्वारा दर्शाया जाता है?

Ans
✘ 1. कप्पा (Kappa)
✘ 2. टाउ (Tau)
✔ 3. न्यू (Nu)
✘ 4. एप्सिलॉन (Epsilon)

Q.112 निम्नलिखित में से कौन-सी लड़ाई 1191 ई. में लड़ी गई थी?

Ans
✘ 1. कसारदा की लड़ाई
✔ 2. तराइन का प्रथम युद्ध
✘ 3. पानीपत का प्रथम युद्ध
✘ 4. चंदावर का युद्ध

Prep Your Personal Exam Guide

Q.113 निम्नलिखित में से किस वर्ष भारत में केंद्र शासित प्रदेशों (UT) की शुरुआत हुई?

Ans

✗ 1. 1952

✓ 2. 1956

✗ 3. 1960

✗ 4. 1950

Q.114 सहभागी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और किसानों के लिए "प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)' की प्रकृति क्या है?

Ans

✗ 1. राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और किसानों दोनों के लिए ऐच्छिक

✗ 2. राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और किसानों दोनों के लिए अनिवार्य

✓ 3. राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिए अनिवार्य और किसानों के लिए ऐच्छिक

✗ 4. राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए ऐच्छिक तथा किसानों के लिए अनिवार्य

Q.115 संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की महासभा किस तारीख को शुरू हुई?

Ans

✗ 1. 2 सितंबर 2024

✓ 2. 24 सितंबर 2024

✗ 3. 28 सितंबर 2024

✗ 4. 12 सितंबर 2024

Q.116 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद 'भारत के अटॉर्नी जनरल' की नियुक्ति से संबंधित है?

Ans

✓ 1. अनुच्छेद 76

✗ 2. अनुच्छेद 75

✗ 3. अनुच्छेद 73

✗ 4. अनुच्छेद 74

Q.117 हमें निम्नलिखित में से किस प्रकार की वनस्पति में आबनूस (ebony), महोगनी (mahogany) और शीशम (rosewood) जैसी प्रजातियाँ मिलेंगी?

Ans

✓ 1. उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन

✗ 2. मैंग्रोव वन

✗ 3. पर्वतीय वन

✗ 4. उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वन

Q.118 मार्च 2024 में, नायब सिंह सैनी ने भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की?

Ans

✗ 1. मध्य प्रदेश

✓ 2. हरियाणा

✗ 3. असम

✗ 4. तमिलनाडु

Q.119 अक्टूबर 2024 में भारतीय नौसेना द्वारा प्रक्षेपित सातवें एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (Anti-Submarine Warfare Shallow Water Craft- ASW SWC) का नाम क्या है?

Ans

✓ 1. अभय

✗ 2. अर्जुन

✗ 3. अजय

✗ 4. आकाश

Q.120 श्वेत प्रकाश के किसी प्रिज्म से परिक्षेपित होने पर देखे गए रंगों के सही क्रम का चयन कीजिए।

Ans

✓ 1. नीला, हरा, पीला और नारंगी

✗ 2. बैंगनी, नीला, हरा और पीला

✗ 3. हरा, इंडिगो, नारंगी और लाल

✗ 4. नीला, इंडिगो, हरा और पीला

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exam Guide